हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 6 जुलाई 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा



तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 23.2 डिग्री

नाले के तेज बहाव में बह गई बाइक, युवक की बच गई जान



## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे एक ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार घायल हो गया। दुर्घटना में युवक के सिर, चेहरे और नाक पर गंभीर चोटें आई हैं, जबकि उसकी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम चोढ़ा चौक निवासी मेन सिंह राठिया पिता रविलाल राठिया जो पेशे से चालक हैं। बीते 2 जुलाई की सुबह अपने बच्चे के लिए कपड़े खरीदने खरसिया जा रहा था। वह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 11 बीसी 3150 से घर से निकला था। इसी बीच दोपहर करीब 12:15 बजे जब वह हनुमान पंचमुखी मंदिर, मेन रोड खरसिया के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 बीके 6185 के चालक ने वाहन को तेज गति और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मेन सिंह राठिया बाइक सहित सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उनके सिर, मुंह, नाक और चेहरे पर चोटें आईं तथा खून बहने लगा। दुर्घटना के बाद डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए खरसिया अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज कराया गया। घटना में मोटरसाइकिल भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ धारा 281 एवं 125(ए) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### रास्ता रोककर युवक से मारपीट, शिकायत

**रायगढ़।** शहर के कोतरारोड क्षेत्र में एक युवक के साथ कथित रूप से रास्ता रोककर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि कुछ युवकों ने उसकी कार को रोककर हमला किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मयंक यादव ने एसएसपी को सौंपे आवेदन में बताया है कि 3 जुलाई को वह अपनी कार क्रमांक सीजी 13 एएम 8968 से किसी कार्य से घर से निकला था। घर के समीप मोड़ पर पहले से मौजूद सुरजीत सिंह बघेल, रोशन महंत तथा उनके अन्य साथियों ने बाइक खड़ी कर रास्ता अवरुद्ध कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर उनकी मां सहित मोहल्ले की कुछ महिलाएं बीच-बचाव के लिए पहुंचीं, लेकिन उनके साथ भी धक्का-मुक्की की गई। पीड़ित के अनुसार, घटना में उसका एक दांत टूट गया, सिर में चोट आई तथा हाथ में पहनी घड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में कोई बड़ी घटना हो सकती है। मयंक यादव ने सुरक्षा तथा आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### यात्री का बैग चोरी, जेवर और नकदी लेकर फरार हुए चोर

**रायगढ़।** समरसता सुपरफास्ट एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक यात्री के बैग से सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत पश्चिम बंगाल की जीआरपी के माध्यम से रायगढ़ भेजी गई, जिसके बाद रायगढ़ जीआरपी ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता शेख अकरमुद्दीन 29 वर्ष निवासी जिला हुगलीए पश्चिम बंगाल ने बताया कि वह 15 जनवरी को ट्रेन संख्या 12151 समरसता सुपरफास्ट एक्सप्रेस से मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनस से सांतरागाछी के लिए रवाना हुआ था। यात्रा के दौरान वह एस.2 कोच की सीट क्रमांक 63 पर सफर कर रहा था।

## जशपुर के पनचक्की वन धन केंद्र की महिलाओं को मिला सम्मान

# सीधे ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच रहा केंद्र राज्य की योजनाओं का लाभः साय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा मिली है और 'सहकार से समृद्धि' का संकल्प तेजी से साकार हो रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मंडपम में आयोजित राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन एवं सहकारी सप्ताह कार्यक्रम में जिले के वन धन विकास केंद्र पनचक्की की महिला स्व-सहायता समूह को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सहकार प्रेरणा सम्मान से सम्मानित किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सहकारिता के माध्यम से किसानों, वनवासियों, महिला समूहों और ग्रामीण परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अब सीधे ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच रहा है।

जशपुर जिले में वन विभाग के अंतर्गत संचालित वन धन विकास केंद्र पंचक्की आज महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का सफल उदाहरण बनकर उभरा है। यहां अनंत स्व-सहायता समूह की 10 महिलाएं मिलकर विभिन्न औषधीय उत्पादों का निर्माण कर रही हैं। समूह द्वारा च्यवनप्राश सहित कई उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार किए जाते हैं, जिनकी आपूर्ति आयुष विभाग समेत अन्य संस्थाओं और उपभोक्ताओं को की जाती है।




### 36 लाख रुपए के उत्पादों का विक्रय

महिलाओं की मेहनत और गुणवत्ता का परिणाम यह रहा कि वर्ष 2024-25 के दौरान समूह ने लगभग 36 लाख रुपये के उत्पादों का विक्रय किया। उत्कृष्ट कार्य और आर्थिक उपलब्धियों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने समूह को सहकार पुरस्कार एवं लाभांश राशि प्रदान कर सम्मानित किया।

### 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह

उन्होंने बताया कि 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पिछले दो वर्षों में छत्तीसगढ़ में सहकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल हुई हैं और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की कोई भी पंचायत सहकारिता से वंचित न रहे, इस उद्देश्य से राज्य में 1352 नई सहकारी समितियों का गठन किया गया है।

### स्व-सहायता समूहों के लिए प्रेरणा

पनचक्की वन धन केंद्र की महिलाओं को मिला यह सम्मान न केवल जशपुर जिले बल्कि पूरे प्रदेश की महिला स्व-सहायता समूहों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह सफलता दर्शाती है कि संगठित प्रयास, सहकारिता और सरकारी सहयोग से ग्रामीण महिलाएं आर्थिक आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकती हैं।

### सहकारिता क्षेत्र को मिली नई ऊर्जा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सहकारिता क्षेत्र को नई ऊर्जा मिली है। कृषि के साथ-साथ पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, वनोपज, मत्स्य पालन और ग्रामीण उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में भी सहकारिता को मजबूत किया जा रहा है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के सहयोग से प्रदेश में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में भी सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं।

## बगीचा में बदमाशों का आतंक स्कूली बच्चों का बैग व नकदी लूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के बगीचा क्षेत्र में बदमाशों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला बस स्टैंड प्रतीक्षालय का है, जहां दो बदमाशों ने एक स्कूली छात्र का बैग छीन लिया। बताया जा रहा है कि बैग में रखा नकदी लेकर दोनों आरोपी फरार हो गए।

- छेड़छाड़ के आरोप में लोगों ने पकड़ा

घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। इसी बीच दोनों युवकों पर छेड़छाड़ का भी आरोप लगा, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। गौरतलब है कि यह घटना बगीचा थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित बस स्टैंड प्रतीक्षालय में हुई, जिससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बदमाशों की बढ़ती गतिविधियों के कारण कॉलेज और स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं में भय का माहौल है। फिलहाल मामले में पुलिस की कार्रवाई और आरोपियों के खिलाफ दर्ज प्रकरण की आधिकारिक जानकारी का इंतजार है।

## एचपीवी वैक्सीन अभियान 31 तक चलेगा

**जशपुरनगर।** जिले की किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 31 अगस्त 2026 तक चलेगा। इस अभियान के तहत जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला चिकित्सालय में पात्र किशोरियों को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है।

- सरकारी अस्पतालों में होगा नि:शुल्क टीकाकरण

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस जात्रा ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण हेतु वही किशोरियां पात्र होंगी जिन्होंने अपना 14 वां जन्मदिन मना लिया हो परंतु 15वां जन्मदिन ना मनाया हो। आयु के प्रमाण हेतु आधार कार्ड, जन्मप्रमाण पत्र, फोटो आई.डी. कार्ड मान्य किया जाएगा। वैक्सीनेशन के लिए जिला अस्पताल सहित जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि पात्र बालिकाओं को आसानी से टीकाकरण का लाभ मिल सके। कलेक्टर रोहित व्यास ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बेटियों का स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। एचपीवी वैक्सीन उन्हें भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने का प्रभावी माध्यम है।

## गौ हत्या के मामले में 4 गिरफ्तार, दो आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



### फरार आरोपियों की तलाश

पुलिस की पूछताछ पर आरोपियों के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय रिमांड पर जेल भेजा गया है। प्रकरण के अन्य फरार आ गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम लगातार प्रयासरत है। उनकी पता साजी जारी है, जिन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

थाना बागबहार क्षेत्र में गौवंश वध के मामले में जशपुर पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार, दो मोटरसाइकिल एवं टॉर्च बरामद कर विधिवत जब्त किए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 जून 2026 को प्रार्थी खेमा निधि यादव, निवासी ग्राम बरखोरिया, थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ के द्वारा थाना बागबहार में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि चार व्यक्ति, दो मोटरसाइकिल एवं पैदल एक गौ वंश को लेकर थाना बागबहार क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरखोरिया से मुडाबहला की ओर जा रहे थे। प्रार्थी के द्वारा पूछताछ करने पर आरोपियों ने उक्त गौ वंश को खरीदकर ले जाने की बात कही, किंतु उनके व्यवहार पर संदेह होने पर ग्रामीणों ने उनकी तलाश की। तलाश के दौरान ग्राम हल्दीझरिया के समीप खेत के गड्ढे में गौ वंश का वध किया हुआ धड़ पाया गया। घटनास्थल पर गाय की खाल, सिर, चारों पैर, कान का बिल्ला, रस्सी, गोबर एवं रक्त के निशान मिले। वहीं मांस काटने में प्रयुक्त लकड़ी का गुटका भी बरामद हुआ। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बागबहार में अपराध क्रमांक 61/2026, छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 5, 6 एवं 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस की टीम के द्वारा पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा मौके से प्राप्त साक्ष्यों को गवाहों की उपस्थिति में जब्त किया गया। इनकी हुई गिरफ्तारी- विवेचना के दौरान मामले से जुड़े मुख्य आरोपी अयजक एक्का को ग्राम बिरीमडेगा से गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। उसने अपने साथियों सुशील कुजूर, प्रमोद एक्का, अगस्तुस तिर्की, व दो अन्य साथी के साथ मिलकर गौवंश वध करना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने सुशील कुजूर, प्रमोद एक्का एवं अगस्तुस तिर्की को भी गिरफ्तार कर लिया।

### किशोर पर टांगी से हमला, अपराध दर्ज

**रायगढ़।** जिले के कापू क्षेत्र के मांझापारा गांव में शादी समारोह से लौट रहे एक किशोर पर कथित रूप से धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में किशोर के चेहरे पर गंभीर चोट आई है और उसके दो दांत टूटने की बात कही गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मांझापारा कापू निवासी 17 वर्षीय सुनील कुमार जांगड़े ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 2 जुलाई की रात उसके चाचा चितरू जांगड़े के घर शादी समारोह आयोजित था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह अपने साथी दीपक जांगड़े के साथ पैदल घर लौट रहा था। रात करीब 11 बजे रास्ते में उसकी मुलाकात संतोष यादव और संजु यादव से हुई। शिकायत के मुताबिक, संतोष यादव ने ट्रैक्टर में 500 रुपये का डीजल डलवाने के लिए कहा, जिस पर सुनील ने पैसे नहीं होने की बात कही। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान गांव का राजेश मिर्रे भी वहां पहुंच गया और संजु यादव के कथित उकसावे पर उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## काम चालू हुआ ही नहीं और 70 लाख हो गया भुगतान, ठेकेदार के खिलाफ होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



राज्य सभा सांसद मद से पुसौर ब्लॉक के दो गांव में 11 कार्य हुआ था स्वीकृत

राज्य सभा सांसद मद की राशि में गजब खेल चल रहा है। पहले तो कांग्रेसी राज्य सभा सांसद केटीएस तुलसी के मद से कोसीर के बीजेपी नेता और ठेकेदार को ऑनलाइन पुसौर ब्लॉक के दो ग्राम पंचायत एकताल और मिड़मिड़ा में 11 काम करीब एक करोड़ राशि का स्वीकृत कर दिया गया। इससे बड़ा कांड यह हो गया कि काम चालू हुआ ही नहीं और करीब 70 लाख का भुगतान ठेकेदार को कर दिया गया। राशि मिलने के बाद ठेकेदार की मौज हो गई, उसने काम चालू किया ही नहीं।

बाद में इसकी शिकायत हुई, जांच भी हुआ तो यह पूरे मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद भी ठेकेदार को काम पूरा करने का मोहलत दिया गया, लेकिन ठेकेदार ने काम नहीं किया। अब उसके खिलाफ पुलिस में एफआईआर कराने के साथ राशि वसूली के लिए आरआरसी भी जारी करने की तैयारी हो रही है। यह मामला बीते 2023-24 का है। इसमें राज्य सभा सांसद केटीएस तुलसी के मद से पुसौर ब्लॉक के मिड़मिड़ा और एकताल के साथ आश्रित गांव धनुहारडेरा में करीब एक करोड़ का काम सांसद मद से स्वीकृत किया गया था। इसका टेंडर कोसीर के महावीर ट्रेडर्स को मिला था। यह फर्म कोसीर के बीजेपी नेता का है। वेंडर ने काम तो किया नहीं, लेकिन राशि रनिंग बिल लगाकर निकाल ली। जब बीते मार्च में क्लोजिंग के समय जांच की गई तो इसका खुलासा हुआ। तब ठेकेदार को नोटिस जारी की गई, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। न तो ठेकेदार ने काम चालू किया और न ही राशि लौटाई। ऐसे में अब उसके खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करने की तैयारी की जा रही हे।

### मिडिल स्कूल के शिक्षकों के लिए जारी हुआ फरमान, समय को लेकर बढ़ रही नाराजगी

## स्कूल से लौटकर शाम को घर में डेढ़ घंटा ट्रेनिंग करेंगे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यदि आप मिडिल स्कूल के शिक्षक हैं तो आप स्कूल से जब शाम को लौटेंगे तो घर में आपको डेढ़ घंटे की ट्रेनिंग लेनी पड़ेगी। चाहे घर में आपका कोई भी काम हो उसे छोड़कर ऑनलाइन ट्रेनिंग करना जरुरी है। ऐसा नहीं करेंगे तो हो सकता है आपके खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई भी हो जाए। यह ट्रेनिंग इसलिए दी जा रही है क्यों कि एससीईआरटी और एनसीईआरटी द्वारा तैयार कक्षा 7 वीं में नया किताब लागू की गई है। इसलिए इसकी ट्रेनिंग जरुरी है। इसके लिए लिए हर शाम को डेढ़ घंटे कम से कम आपको देना ही होगा। एससीईआरटी के इस फरमान से शिक्षकों में भारी नाराजगी है। नाराजगी समय को लेकर है। दिन भर स्कूल में बच्चों को पढ़ाना और जब घर पहुंचेंगे तो ऑनलाइदन ट्रेनिंग का झंझट। इसलिए इस ट्रेनिंग को लेकर शिक्षकों को दिक्कत होने की बात कही जा रही है।

**खास बात**

- एससीईआरटी और एनसीईआरटी द्वारा तैयार कक्षा 7 वीं में नया किताब किया गया है लागू



एससीईआरटी की ओर से यह समय स्कूली बच्चों की पढ़ाई किसी तरह बाधित न हो इसलिए तय की गई है। हालांकि एससीईआरटी के अधिकारियों के लिए यह समय ट्रेनिंग के लिए अनुकूल हो सकता है, लेकिन दिनभर स्कूल में ड्यूटी के बाद शिक्षकों के लिए किसी भी तरीके से संभव नहीं है। घर में उनके परिवार के साथ बाल-बच्चे रहते हैं। स्कूल से आने के बाद उनको भी समय देना होता है। दूसरी ओर घर में किस तरह की ट्रेनिंग होगी, ध्यान तो अन्य कामों में रहेगा, यह भी एक तरह से परेशानी की बात है। इसमें कक्षा 6 वीं से 8 वीं तक के सभी विषय के शिक्षक और एचएम को शामिल होना जरुरी है। हर विषय के लिए अलग- अलग शेड्यूल तय कर दिया गया है।

### गुगल मीट या वेबेक्स में होगी ट्रेनिंग

यह ट्रेनिंग ब्लॉक स्तर पर होगी। इसके लिए शिक्षकों को गुगल मीट, वेबेक्स या अन्य प्लेटफार्म का उपयोग करना है,जिसमें सभी प्रतिभागियों से सीधी बातचीत हो सके। एक विषय में करीब 20 सत्र होंगे। हर सत्र के बीच में ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा। इससे पता चलेगा कि कौन उपस्थित है और कौन नहीं। इसके अलावा ट्रेनिंग चालू होने से पहले ही एक प्रतिभागियों की एक वाट्सएप ग्रुप बनाने कहा गया है जिसमें शिक्षकों को असाइमेंट दिया जाएगा। खास बात यह है कि इस तरह की ट्रेनिंग पहले धरमजयगढ़ डाइट में होती थी। इस बार भी डाइट ही ट्रेनिंग कराएगा, लेकिन खर्च बचाने के लिहाज से ऑनलाइन करा रहा है। इसमें शिक्षकों को केवल समय को लेकर ही तकलीफ है।

## अपराधों में नाबालिग सहित एक युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** चौकी रैरूमाखुर्द एवं धरमजयगढ़ पुलिस ने 15 वर्षीय गुम बालिका को अपराध बालक के चंगुल से बरामद किया। अपचारी बालक उसे शादी का झांसा देकर भगाकर ले गया था, जहां उसने नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाए। वहीं एक अन्य मामले में महिला पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार किया है।

बीते 14 जून को 15 वर्षीय बालिका की मां ने रैरूमाखुर्द चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी 10 जून से लापता ह। अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका व्यक्त की। इस शिकायत के आधार पर चौकी रैरूमाखुर्द में धारा 137(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान लगातार पतासाजी के बाद 18 जून को गुम बालिका को उसकी मां द्वारा पुलिस चौकी में प्रस्तुत किया गया, जहां उसकी बरामदगी की कार्रवाई की गई। महिला अधिकारी से बालिका का कथन दर्ज कराया गया। जिसमें बालिका ने बताया कि उससे परिचित अपचारी बालक उसे शादी करने का झांसा देकर जबरन अपने गांव ले गया था, जहां उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाया। इस प्रकरण में धारा 64(2)(एम), 65(1) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6 जोड़ी गई। इस मामले में संलिप्त अपचारी बालक को अपहरण और पॉक्सो एक्ट मे हिरासत में लेकर वैधानिक कार्रवाई की है। वहीं दूसरी ओर महिला पुलिस ने विवाह का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी महेन्द्र पासवान 31 पिता बलिराम पासवान निवासी जूटमिल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 02 जुलाई को 31 वर्षीय पीड़िता ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वर्ष 2018 में उसकी पहचान महेन्द्र पासवान से हुई। आरोपी ने स्वयं को अविवाहित बताते हुए पीड़िता से विवाह करने का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप

### गैर-शैक्षणिक कार्यों से हटेंगे शिक्षक बच्चों की पढ़ाई को मिलेगी नई रफ्तार

**रामानुजनगर।** जिले के स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने और बच्चों की पढ़ाई को बेहतर बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता विशाल दुबे ने कलेक्टर को एक पत्र सौंपकर स्कूलों में शिक्षा का माहौल सुधारने की मांग की है। पत्र के अनुसार जिले के विभिन्न प्री-मैट्रिक छात्रावास, कन्या आश्रमों और अन्य सरकारी विभागों में कई शिक्षकों, प्रधान पाठकों और व्याख्याताओं को गैर-शैक्षणिक कार्यों में संलग्नीकरण किया गया है। इसके कारण स्कूलों में शिक्षकों की कमी हो रही है और छात्रों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है। इस समस्या को देखते हुए शिक्षा मंत्री ने पहले ही विभाग को निर्देश जारी किया है, जिसमें शिक्षकों के संलग्नीकरण को समाप्त करने के आदेश दिए गए हैं। शिक्षकों का मुख्य काम बच्चों को अच्छी शिक्षा देना है। इसलिए, विभिन्न छात्रावास और आश्रमों में अटैच किए गए सभी शिक्षकों और प्रधान पाठकों को वहां से मुक्त करके तुरंत उनके मूल स्कूलों में वापस भेजा जाना बेहद जरूरी है। इस मांग से पालक एवं बच्चों में हर्ष का माहौल है।

### नाली नहीं होने से बरसात में बढ़ी ग्रामीणों की परेशानी

**शंकरगढ़।** क्षेत्र के पटेल पारा में सड़क किनारे नाली निर्माण नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गंदा नाली का पानी सड़क पर बहने से छात्र-छात्राओं को तो परेशानी होती है वहीं हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे में बारिश होने पर लोग कीचड़ और बदबू के बीच आने-जाने को मजबूर होना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले करीब 10 वर्षों से ग्राम सुराज अभियान एवं ग्राम सभा में कई बार नाली निर्माण की मांग को लेकर आवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधि नाली निर्माण को प्रमुख मुद्दा बनाकर जल्द निर्माण कराने का आश्वासन देते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। जनप्रतिनिधि पांच वर्षों तक क्षेत्र की समस्याओं की सुध लेने भी नहीं आते। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से जल्द से जल्द पटेल पारा रोड में नाली निर्माण कराने की मांग की है, ताकि बरसात के दौरान गंदे पानी की समस्या से राहत मिल सके और लोगों का आवागमन सुचारु रूप से हो सके।

### आपसी विवाद पर हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** लुंड्रा पुलिस ने आपसी विवाद पर पड़ोसी युवक की गैंती से वार कर हत्या करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि थाना अंतर्गत ग्राम राईखुर्द निवासी तिलसाय का भाई जीतू नागेश 2 जुलाई को सुबह 8 बजे हल जुताई करने के लिए खेत में गया अहा था। इस दौरान गव के झकड़ी उर्फ बुधराम बरगाह ने गैंता से वार कर उसकी हत्या कर दी। जीतू नागेश को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया था। इस मामले में पुलिस द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान पुलिस ने राईखुर्द निवासी 60 वर्षीय झकड़ी उर्फ बुधराम बरगाह आ. स्व. सोमारसाय को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने आपसी वाद विवाद होने पर गैती से वार कर हत्या करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने मामले में आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट, काउंटर अपराध दर्ज

बिश्रामपुर। पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर लिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि चोपड़ा कालोनी क्वार्टर नंबर 618 निवासी प्रार्थी आयुष यादव पिता अमित कुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह शुक्रवार की रात साथी मुन्ना मलिक व अन्य लोगों के साथ आजाद ग्राउंड डिपार्टमेंटल कालोनी में बैठा था। तभी आरोपी प्रेयांश तिवारी, रिशु, मुन्ना व अभय थापा वहां पहुंचकर पुरानी रंजिश को लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किये हैं।

## दूसरी एम्बुलेंस से मरीज को भेजा गया मेडिकल कॉलेज अस्पताल

# मरीज लेकर जा रही संजीवनी 108 एंबुलेंस को ट्रक ने मारी टक्कर, चालक एवं परिचालक गंभीर



मरीज को दूसरे एम्बुलेंस से लेजाते अस्पतालकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिला चिकित्सालय से रेफर किए गए मरीज को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाने जा रहे संजीवनी 108 एंबुलेंस को अस्पताल चौक के समीप विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में एंबुलेंस चालक सहित परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहीं रेफर मरीज को दूसरे एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया।

**खास बात**
- चौक के समीप भीड़भाड़ होने से आए दिन होती हैं दुर्घटनाएं

जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में कीटनाशक पीने से गंभीर हुए मरीज को बेहतर उपचार के लिए चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। संजीवनी 108 एंबुलेंस का चालक राहुल कुमार यादव एवं परिचालक सुदामा सिंह मरीज को वाहन से लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल जाने के लिए निकले। एंबुलेंस चालक जैसे ही वाहन लेकर अस्पताल चौक के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 30 जे 9665 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया। ट्रक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एंबुलेंस चालक व परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी जिस पर पुलिस ने घटना कारित ट्रक समेत चालक को गिरफ्तार कर लिया। इधर लोगों ने तत्काल घायल एंबुलेंस चालक व परिचालक को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं रेफर मरीज को दूसरे एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि बलरामपुर के मुख्य मार्ग से नेशनल हाईवे गुजरने के कारण मुख्य मार्ग से ही शहर के अंदर से गुजरती है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती है। जिस जगह दुर्घटना हुई है उसे जगह आवश्यक प्रति सप्ताह एक घटना होती ही है लेकिन यहां पर सुरक्षा के और दुर्घटना को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा किसी प्रकार का कोई उपाय नहीं किया गया है जबकि चौक के पास विद्यालय, बैंक और अस्पताल, गर्ल्स कॉलेज के अलावा संयुक्त कलेक्टर भवन होने से लोगों अधिक भीड़ होती है। बावजूद इसके ट्रैफिक जवान ड्यूटी नहीं होते जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कुछ दिन पूर्व ही चौक के समीप एक स्कूली बालक की भी वाहन के टक्कर से मौत हो चुकी है।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर दो लोगों की गई जान

अम्बिकापुर। अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम लाऊ निवासी तीजा आ. स्व. रूंगटू (60 वर्ष) शुक्रवार की शाम पत्नी रोपनी एक्का के साथ गुडरी स्थित अपने दूसरे घर में मवेशियों को बांध कर लाऊ स्थित घर पैदल आ रहे थे। जैसे ही दंपति बधवा नाला के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए वृद्ध को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन निजी साधन से रात 11 बजे घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान कुछ समय बाद वृद्ध की मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में फरसाबहार अंतर्गत ग्राम पंडरीपानी निवासी सुरेन्द्र कुमार आ. स्व. महादेव साय (40 वर्ष) कांसाबेल स्थित होटल में मिस्त्री का काम करता था। बीती रात होटल के सामने स्थित हैंडपंप के पास खड़ा था तभी सामने से आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे सुरेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने घायल को कांसाबेल अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## रात में नगर पंचायत क्षेत्र में पहुंचा हाथी, घंटों मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर



नगर से सटे जंगलों में लम्बे समय से भ्रमण कर रहा हाथी बीती रात तहसील मुख्यालय क्षेत्र में पहुंच गया। नगर पंचायत क्षेत्र में हाथी के पहुंचने से लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान वन अमले ने घंटों मशक्कत कर हाथी को सुरक्षित जंगल में खदेड़ने में सफलता पाई।

- क्षेत्र में मची अफरा-तफरी, वन विभाग ने खदेड़ा जंगल में

शुक्रवार को शाम 7 बजे हाथी जंगल से निकलकर नपं क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4 में पहुंच गया। इस दौरान हाथी घरों की बाड़ी में लगे मक्के एवं सब्जियों की फसल घूम-घूमकर खाता रहा। वार्ड क्रमांक 3 में घूमते हाथी वार्ड क्रमांक 4 में पहुंच गया। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद हाथी को शराब दुकान के रास्ते जंगल में खदेड़ा। जब हाथी बस्ती में पहुंचा बड़ी संख्या में लोग शराब दुकान के पास मौजूद थे। हाथी को देखते ही अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई तथा लोग इधर उधर भागने लगे। रात्रि दो बजे हाथी दूसरे रास्ते से बस स्टैंड के निकल पहुंच गया। घनी आबादी के बीच हाथी के पहुंचने से अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने लोगों को बाहर नहीं निकलने एवं अपने घरों में ही रहने का आह्वान किया। हाथी मुख्य मार्ग होते हुए राजवाड़े गली होते हुए सब्जी मंडी क्षेत्र में पहुंच गया। इस दौरान हाथी ने सड़क किनारे के ठेले, बोर्ड को तोड़ने के साथ ही कुछ घरों की चार दिवासी को ढहा दिया। वन अमले ने कड़ी मशक्कत के बाद हाथी को घनी आबादी से जंगल की ओर खदेड़ने में सफलता पाई। नगर से सटे जंगल में हाथी के मौजूद होने के कारण रात में कभी भी आबादी क्षेत्र में पहुंचने की संभावना पर विभाग ने हाथी की निगरानी बढ़ा दी है। वनकर्मी हाथी की निगरानी कर रहे है। विभाग द्वारा हाथी के संबंध में कोई सूचना मिलने तत्काल वन अधिकारियों को अवगत करने एवं हाथी से दूर रहने की सलाह दी गई है।

इस संबंध में डीएफओ आलोक वाजपेयी ने बताया कि विभाग द्वारा हाथी की लगातार निगरानी की जा रही है। हाथी के आबादी क्षेत्र में घुसने की संभावना पर रमकोला स्थित हाथी पुनर्वास केंद्र से प्रशिक्षित वनकर्मियों की मांग की गई है ताकि हाथी को सुरक्षित तरीके से आबादी क्षेत्र से जंगल में खदेड़ा जा सके।

## पत्नी से विवाद के बाद अपने ही घर को आग लगाने वाला गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** मामूली विवाद पर अपने ही घर को आग के हवाले करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने नगर सैनिक पत्नी से विवाद के बाद इस घटना को अंजाम दिया था। बता दें कि बलरामपुर के भनौरा निवासी 38 वर्षीया प्रभा एक्का पति जय जान केरकेट्टा नगर सैनिक के पद पर पदस्थ है और वर्तमान में उसकी ड्यूटी शंकरगढ़ में है।

नगर सैनिक के मकान में 29 जून को आग लगने की घटना सामने आई थी। इस दौरान घर में जानबूझकर पति द्वारा आग लगाए जाने की बात सामने आई थी। इस मामले में महिला नगर सैनिक की शिकायत पर पुलिस द्वारा जांच की जा रही थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि जय जान केरकेट्टा ने पत्नी प्रभा एक्का के साथ आपसी घरेलू विवाद को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर किराये के मकान में रखे घरेलू सामान को माचिस से आग लगा दिया था। इस घटना में घर में रखा सामान पलंग, गद्दा दिवान आलमारी, फ्रीज, कुलर एवं कपड़े को जलकर खाक हो गए। पुलिस ने जांच उपरान्त आरोपी जय जान केरकेट्टा को बीएनएस की धारा 326(जी), 296, 351(3) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## नदी में बालक की डूबने से मौत, गांव में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



नदी में स्नान करने गए अतिथि शिक्षक के 12 वर्षीय बेटा की पानी में डूबने से मौत हो गई। विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम विजयनगर में शनिवार को हुई हृदय विदारक घटना से गांव में मातम पसर गया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम विजयनगर निवासी एवं अतिथि शिक्षक शिवलाल यादव के छोटे पुत्र विनोद यादव उर्फ डिंपल (12 वर्ष) जो इस वर्ष कक्षा आठवीं में प्रवेश लिया था। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे घर से लगभग 200 मीटर दूर स्थित बाकी नदी में अपने दो दोस्तों के साथ स्नान करने गया था। नहाने के दौरान वह बालक अचानक नदी के गहरे पानी में चला गया जिससे डूबने लगा। बताया जाता है कि उसके एक साथी ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसका हाथ छूट गया और विनोद गहरे पानी में समा गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। गांव के ही पवन यादव ने साहस का परिचय देते हुए करीब 12 फीट गहरे पानी में उतरकर लगातार खोजबीन की और लगभग आधे घंटे बाद बालक के शव को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही विजयनगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। घटना की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया। अस्पताल पहुंचे अतिथि शिक्षक संघ के संरक्षक यशपाल दुबे सहित संघ के अन्य पदाधिकारियों ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा इस दुखद घड़ी में परिवार को ढांढस बंधाया। बालक की असमय मृत्यु से पूरे विजयनगर गांव में मातम पसरा हुआ है।

## नाबालिग से दुष्कर्म और गर्भपात कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और गर्भपात कराने के बाद शादी करने से इनकार करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग ने शिकायत दर्ज कराई थी कि बलरामपुर त्रिकुंड़ा निवासी रमेश कुमार ने उसे प्यार करने और शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म किया। जब नाबालिग गर्भवती हो गई तो दवा खिलाकर गर्भपात भी कराया। अब युवक शादी करने से इनकार कर रहा है। नाबालिग की शिकायत पर पुलिस ने जांच उपरांत बलरामपुर जिले के त्रिकुण्डा थाना अंतर्गत ग्राम सुलसुली निवासी 23 वर्षीय रमेश कुमार रवि आ. जगदीश रवि को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 64(2) (एम), 89 एवं पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना गांधीनगर उनि दिलीप दुबे, सउनि सुभाष ठाकुर, आरक्षक कुंदन पाण्डेय, मदन पैकरा, घनश्याम देवांगन सक्रिय रहे।

## मैनपाट में बॉक्साइट खदान खोलने के विरोध में सीएम से मिले विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



मैनपाट में बॉक्साइट खदान को लेकर जनसुवाई के दौरान ग्रामीणों द्वारा किए गए विरोध के बाद अब क्षेत्रीय विधायक रामकुमार टोप्पो भी मैनपाट के संरक्षण के लिए खदान के विरोध में आ गए है। विधायक ने जनसुनवाई के बाद पर्यटन स्थल व छत्तीसगढ़ की पहचान को बचाने के लिए सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सांस्कृतिक एवं भौगोलिक परिस्थितियों की वजह से पर्यटन के क्षेत्र में तेजी उभरते मैनपाट एवं जनता का पक्ष रखा। सीएम ने भी सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

- जनता की भावनाओं से कराया अवगत, भ्रामक जानकारी देने को लेकर जता चुके है सीएमडीसी पर नाराजगी

बता दें कि मैनपाट के नर्मदापुर-कुनिया, पथरई-लुरैना, कमलेश्वरपुर-रोपाखार व सरभंजा में चार बॉक्साइट खदान खोले जाने है। बॉक्साइट खदान खोलने को लेकर क्षेत्र में जन सुनवाई की गई। जन सुनवाई के दौरान लोगों ने सीएमडीसी पर फर्जी ग्राम सभा के प्रस्ताव, सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर करने के साथ ही पर्यटन स्थलों की खदान से दूरी और इससे होने वाले नुकसान की जानकारी छिपाए जाने का आरोप लगाया। जन सुनवाई में प्रशासन और सीएमडीसी को ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। हजारों की संख्या में क्षेत्र के महिला पुरुष एवं युवा नए खदान खोलने को लेकर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश गुप्ता के नेतृत्व में सीएमडीसी के विरोध में उतर आए थे। जनसुनवाई के दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो भी मौके पर पहुंचे थे और जनता की भावनाओं से अवगत हुए थे। क्षेत्र की जनता ने सीएमडीसी द्वारा खोले जाने वाले नए खदान का विरोध करते हुए अपनी भावनाओं से विधायक को अवगत करा दिया था। जन सुनवाई के दौरान गलत जानकारी देने और खदान हथियाने के लिए सरकार को भी भ्रामक जानकारी देने पर विधायक ने जमकर नाराजगी जाहिर करते हुए सदन में इस मुद्दे को उठाने की चेतावनी भी दी थी। सीएमडीसी की नई खदान खुलने को लेकर होने वाली जनसुनवाई खत्म होने के बाद विधायक रामकुमार टोप्पो इस संबंध में मुख्यमंत्री से मिलने राजधानी रायपुर पहुंचे।

## जिला न्यायालय परिसर में पौधरोपण



**अनूपपुर।** पर्यावरण संरक्षण,संवर्धन एवं हरित वातावरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 3 जुलाई को जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती माया विश्वलाल के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम एवं पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन विषयक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती माया विश्वलाल द्वारा पौधरोपण कर किया। उन्होंने उपस्थितजन से पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एक्सीलेंस तुलसी कॉलेज के छात्र-छात्राओं, एनसीसी एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों तथा मूक-बधिर दिव्यांगजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पौधरोपण किया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती माया विश्वलाल तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रावेन्द्र कुमार सोनी ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण का संरक्षण केवल व्यक्तिगत दायित्व नहीं,बल्कि सामाजिक एवं नैतिक उत्तरदायित्व भी है।



## कलेक्टर ने तालाब में जनप्रतिनिधि और नागरिकों के साथ किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छ नगर की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में बाजारपारा स्थित चम्बोथी तालाब में कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के नेतृत्व में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर सामूहिक श्रमदान किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े, उपाध्यक्ष शैलेश अग्रवाल, पार्षद प्रमोद तायल, नगर पालिका व अन्य विभाग के संबंधित अधिकारी - कर्मचारियों तथा नागरिकों के साथ श्रमदान कर तालाब परिसर की साफ-सफाई की।

- तालाब परिसर की सफाई, सौंदर्यीकरण और हरियाली बढ़ाने के दिए निर्देश

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने स्वयं ग्लव्स पहनकर झाड़ू लगाया और कचरा उठाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने नागरिकों से कहा कि नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्था बनाए रखने में प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि सभी नागरिक दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आगे आएं, तो सूरजपुर स्वच्छता के क्षेत्र में न केवल प्रदेश बल्कि देश में भी अलग पहचान बना सकता है। अभियान के दौरान कलेक्टर ने नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि तालाब सहित नगर के अन्य सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने एवं कचरा फेंकने वालों को पहले उचित कचरा प्रबंधन के लिए समझाइश दी जाए। इसके बाद भी सुधार नहीं होने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध जुर्माना वसूली की कार्रवाई की जाए। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर निगरानी के लिए कैमरों के उपयोग की भी बात कही। कलेक्टर ने जलस्त्रोतों की नियमित सफाई, तालाब परिसर के सौंदर्यीकरण तथा चारों ओर पौधरोपण कराने के निर्देश दिए, ताकि परिसर स्वच्छ, हरित और आकर्षक बने। साथ ही मटन मार्केट के दुकानदारों द्वारा इधर-उधर अवशेष फेंक कर फैलाई जा रही गंदगी पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमओ को तत्काल सफाई सुनिश्चित कराने तथा भविष्य में गंदगी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## डेढ़ वर्ष से मंडल संयोजक का पद रिक्त अतिरिक्त प्रभार के सहारे चल रही व्यवस्था

**राजपुर।** विकासखंड में आदिवासी छात्रावास की व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। पिछले लगभग डेढ़ वर्ष से मंडल संयोजक का नियमित पद रिक्त होने के कारण छात्रावासों के संचालन, निरीक्षण और प्रशासनिक कार्यों पर असर पड़ने की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिरिक्त प्रभार के भरोसे व्यवस्था चलने से विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं की प्रभावी निगरानी नहीं हो पा रही है और कई प्रशासनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार तत्कालीन प्रभारी मंडल संयोजक राकेश जायसवाल के 18 फरवरी 2025 को स्थानांतरण के बाद राजपुर विकासखंड में स्थायी मंडल संयोजक की नियुक्ति नहीं की गई। इसके बाद शंकरगढ़ के मंडल संयोजक संतोष सिंह को राजपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया, जो अब तक जारी है। दूसरी ओर 19 दिसंबर 2025 को आदिवासी विकास विभाग बलरामपुर द्वारा जारी आदेश के तहत आदिवासी बालक आश्रम करवा के अधीक्षक महेंद्र कुमार को वाड्रफनगर विकासखंड के मंडल संयोजक का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया। लोगों का कहना है कि राजपुर विकासखंड में मंडल संयोजक का पद लंबे समय से रिक्त होने के बावजूद यहां नियमित नियुक्ति नहीं की गई, जबकि इसी विकासखंड के करवा आश्रम के अधीक्षक को दूसरे विकासखंड की जिम्मेदारी दे दी गई। लोगों का कहना है कि जब राजपुर में ही मंडल संयोजक का पद खाली था तो यहां नियुक्ति करने के बजाय दूसरे विकासखंड को प्राथमिकता क्यों दी गई। इधर छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास विभाग, द्वारा 7 जुलाई 2025 को जारी आदेश भी चर्चा में है। आदेश में स्पष्ट उल्लेख है कि मंडल संयोजक का पद रिक्त होने पर संबंधित विकासखंड में पदस्थ वरिष्ठ छात्रावास अधीक्षक अथवा विभागीय लिपिक संवर्ग के कर्मचारी को प्रभार दिया जाए। यहां इसके अनुरूप है।

**स्थायी मंडल संयोजक की नियुक्ति प्रक्रिया में**

राजपुर विकासखंड में स्थायी मंडल संयोजक की नियुक्ति की प्रक्रिया भी चल रही है और जल्द ही इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

-समीक्षा जायसवाल
प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग

## जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में 70 लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती एवं स्मरण पखवाड़ा के अवसर पर मंगल भवन में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी एवं व्यवसायी राजेश गुप्ता अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। उनके साथ लगभग 70 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि भाजपा केवल सत्ता का नहीं, बल्कि सेवा, राष्ट्र निर्माण और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का संकल्प लेकर चलने वाला संगठन है। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता और भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया और राष्ट्रहित को सर्वोच्च स्थान दिया। विधायक ने कहा कि प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए। साथ ही कहा कि मैं हर कार्यकर्ता के सुख-दुख में उनके साथ खड़ी हूं। जनता की समस्याएं मेरी अपनी जिम्मेदारी हैं। प्रतापपुर विधानसभा के विकास में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे और क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।



# फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' 17 को होगी रिलीज...

**मुंबई।** प्यार, धोखा और खौफनाक रहस्यों से भरपूर बॉलीवुड फिल्में दर्शकों की हमेशा से पसंदीदा रही हैं। आगामी फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' भी कुछ ऐसा ही वादा करती है, जिसका टीजर यूट्यूब पर जारी हो गया है। इंद्र दास द्वारा निर्देशित इस फिल्म में आर्य कुमार, नीता शेट्टी और पीहू बिस्वास जैसे नए कलाकार शामिल हैं। एसएस एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले सुमन सौरभ द्वारा निर्मित 'रहूं मैं तेरे रूबरू' प्यार, धोखे, रहस्य और अप्रत्याशित मोड़ का मिश्रण है। फिल्म का टीजर एक ऐसी दुनिया में ले जाता है, जहां रोमांस और रहस्य की एक झलक मिलती है। इसकी कहानी एक व्लॉगर के इर्द-गिर्द घूमती है।

लाइफ Style

# तृषा

## कपड़ों से बदबू आने पर ब्रांड को लगाई फटकार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तृषा ने ये भी साफ किया कि उनके साथ ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, बल्कि पहले भी ऐसा हो चुका है। उन्होंने जारा ब्रांड से अपने कपड़ों की जांच-परख और उनके स्तर को सुधारने की मांग की है।

मशहूर अभिनेत्री तृषा कृष्णन ने कपड़ों के बड़े ब्रांड 'जारा' की सोशल मीडिया पर जमकर फटकार लगाई है। उन्होंने शिकायत की है कि इस ब्रांड से जो कपड़े उन्हें मिले, उनसे पसीने की बहुत ही गंदी बदबू आ रही थी। इंस्टाग्राम पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए अभिनेत्री ने इसे 'बेहद घिनौना' बताया है। तृषा ने ये भी साफ किया कि उनके साथ ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, बल्कि पहले भी ऐसा हो चुका है। उन्होंने जारा ब्रांड से अपने कपड़ों की जांच-परख और उनके स्तर को सुधारने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी भी ग्राहक को ऐसी गंदी हरकत का सामना न करना पड़े। तृषा ने अपने इस पोस्ट में जारा ब्रांड के आधिकारिक खातों को भी टैग किया। उन्होंने सीधे शब्दों में लिखा, 'कम से कम कपड़े पैक करने से पहले उन्हें सूंघ तो लिया करो। उनके इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर भारी हलचल मचा दी है और उनके प्रशंसकों ने भी इस पर जमकर अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। हालांकि, अभी तक जारा कंपनी की तरफ से इस शिकायत पर कोई जवाब नहीं आया है। काम के मोर्चे पर बात करें तो तृषा को आखिरी बार फिल्म 'करुप्पु' में देखा गया था।




हॉलीवुड मसाला



# टेलर ने मंगेतर ट्रैविस से की शादी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन सिंगर, सॉन्ग राइटर टेलर स्विफ्ट ने हाल ही में अपने मंगेतर ट्रैविस केल्सी से शादी कर ली है। कहा जा रहा है कि टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स ने न्यूयॉर्क सिटी के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में शादी की।. हालांकि अभी तक कपल ने अपनी शादी की कोई भी फोटो या वीडियो शेयर नहीं की है। भारतीय रुपये के हिसाब से पॉप सिंगर की शादी में करीब 94.72 करोड़ से 189.52 करोड़ का भारी-भरकम खर्चा हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक, टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की वेडिंग सेरिमनी 3 जुलाई 2026 को मैडिसन स्क्वायर गार्डन में हुई।



# 7 करोड़ में बनी हॉरर फिल्म ने 10 दिनों में कमा डाले 750 करोड़

**लॉस एंजिल्स।** हाल ही में रिलीज हुई हॉलीवुड हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' ने तो कमाई के मामले में इतिहास रच दिया है। 7 करोड़ के बजट में बनी की फिल्म ने सिर्फ 10 दिनों में 750 करोड़ रुपये का कलेक्शन पार कर लिया है। हॉलीवुड फल्मि 'ऑब्सेशन' का प्रीमियर पिछले साल 05 सितंबर 2025 को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टविल में हुआ था। वहीं, अब 15 मई 2026 को ये फिल्म थएिटर्स में रिलीज हुई है। दिलचस्प बात है कि इस फिल्म का बजट सिर्फ 7 करोड़ रुपये है और 10 दिनों में इस फिल्म ने 750 करोड़ रुपए कमा डाले। इस फिल्म ने कमाई के मामले में 'माइकल', 'प्रोजेक्ट हेल मैरी' जैसी फिल्मों को पछाड़ दिया है। 'ऑब्सेशन' की कहानी की बात करे तो ये एक हॉरर फिल्म है, जिसमें माइकल जॉनस्टन लीड रोल प्ले करते नजर आए हैं।



# दक्षिण सिनेमा में जमाएंगी पैर...

**मुंबई।** शनाया कपूर के लिए बॉलीवुड का सफर कुछ खास साबित नहीं हुआ। उनकी डेब्यू फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' (2025) फ्लॉप निकल गई। आदर्श गौरव के साथ सर्वाइवल फिल्म 'तू या मैं' भी बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिर गई। ताजा अपडेट है कि अभिनेत्री तीसरी फिल्म के लिए दक्षिण सिनेमा का रुख करने की तैयारी कर रही हैं। साल 2021 की जॉम्बी कॉमेडी फिल्म 'जॉम्बी रेड्डी' के सीक्वल से अभिनेत्री तेलुगु फिल्म जगत में डेब्यू कर सकती हैं। शनाया के साथ इस अभिनेता की बनेगी जोड़ी रिपोर्ट के मुताबिक, 'जॉम्बी रेड्डी' के सीक्वल में शनाया के साथ तेजा सज्जा मुख्य किरदार में नजर आएंगे। तेजा को 'हनु-मान' (2024) और 'मिराई' (2025) जैसी फिल्मों ने जबरदस्त सफलता दिलाई है।



# 'धुरंधर' को टक्कर देगी धमाल-4

**मुंबई।** मशहूर अभिनेता रवि किशन अपनी आने वाली फिल्म 'धमाल 4' को लेकर बेहद उत्साहित हैं और उन्होंने इस फिल्म को 'मजेदार पागलपन' बताया है। उनका मानना है कि आज के समय में दर्शक बड़े पर्दे पर इसी तरह की फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं। रवि किशन ने आगे कहा कि भले ही बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह की 'धुरंधर' जैसी मारधाड़ वाली फिल्में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं, लेकिन अब लोगों का झुकाव कॉमेडी फिल्मों की तरफ ज्यादा बढ़ रहा है। यही वजह है कि उन्हें लगता है कि 'धमाल 4' सिनेमाघरों में एकदम सही समय पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन इंद्र कुमार ने किया है। इसमें अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख, संजय मिश्रा, जावेद जाफरी और ईशा गुप्ता जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में दिखेंगे।

टीवी मसाला

# कभी ट्रैफिक सिग्नल पर नाचीं तो कभी दूसरे के कंधे पर झूमीं

**मुंबई।** एकता कपूर की रियलिटी शो लॉकअप सीजन 2 को नेटफ्लिक्स पर काफी ज्यादा चर्चा में देखा जा रहा है। शो को शुरू हुई अभी एक हफ्ता भी नहीं हुआ है और इतने में ही यह शो काफी सुर्खियों में आ चुका है। इस सीजन में काफी सारे ऐसे सेलिब्रिटीज की भी एंट्री हुई जिनकी जिंदगी काफी विवादित है। कुछ कंटेस्टेंट्स के बीच खूब लड़ाई भी हुई है। लेकिन इसी बीच श्रेया कालरा काफी चर्चा में आ गई है। लॉकअप के सीजन 2 की कंटेस्टेंट श्रेया कालरा पहले ही दिन से काफी ज्यादा सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्हें फर्स्ट एपिसोड में राम कपूर के साथ में बहस करते हुए भी देखा जा चुका है।




***डांस रील पर हो चुका है हंगामा :*** वैसे तो लॉकअप के शो में और श्रेया जितनी ज्यादा विवादित नजर आ रही है उतनी ही वह रियल लाइफ में भी कंट्रोवर्सी रह चुकी है। साल 2021 में वह अपनी एक डांस रील वीडियो को लेकर पहली बार चर्चा में आई थी। मध्य प्रदेश के इंदौर की श्रेया एक ट्रैफिक सिग्नल पर नाच रही थी और बीजी रोड पर उनका यह स्टंट उन्ही पर भारी पड़ गया। इनफ्लुएंसर के खिलाफ ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने और पब्लिक में हंगामा करने पर एफआईआर दर्ज करवा दी थी।

***बॉयफ्रेंड पर चीट करने के लगाए गए आरोप:*** श्रेया कालरा एमटीवी के मशहूर शो रोडीज का भी हिस्सा रह चुकी है। उन्हें कई बार पॉडकास्ट पर अपने बॉयफ्रेंड ऋषभ जायसवाल के साथ तीखी बयान बाजी करते हुए भी देखा जा चुका है। हालांकि अफसर ऋषभ और श्रेया को एक दूसरे पर पब्लिक में भी प्यार लुटाते हुए देखा जाता है। लेकिन एक बार श्रेया पर अपने बॉयफ्रेंड को धोखा देने के आरोप लगा दिए गए थे। साल 2025 के दौरान एक कंसर्ट का यह मामला है और यहां पर इनफ्लुएंसर को एक शख्स के कंधों पर बैठकर और नाचते हुए देखा गया था।

## शिवांगी जोशी ने गुपचुप रचा ली सगाई

**मुंबई।** शिवांगी जोशी टीवी इंडस्ट्री की एक मशहूर अभिनेत्री है और आपको बता दें कि उन्होंने यह रिश्ता क्या कहलाता है सीरियल में नायरा का किरदार निभाकर घर-घर में अपनी एक खास पहचान बना ली थी। लेकिन इस समय वह रियलिटी शो लॉकअप सीजन 2 में कंटेस्टेंट के तौर पर शामिल हुई है। अब हाल ही में उन्होंने शो में इस बात का खुलासा किया है कि उनकी सगाई हो चुकी है। जिसका वीडियो भी सामने आया है। शिवांगी जोशी का इस समय लॉकअप सीजन 2 का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होता हुआ नजर आ रहा है।



इस दौरान वह श्रेया कलर से बात करती हुई नजर आती है और बताती है कि उनकी सगाई हो चुकी है। शिवांगी जोशी ने इस पर बात करते हुए कहा कि मैं सीधा शादी करना चाहती हूं। जब श्रेया ने शिवांगी से सवाल किया कि उन्हें कैसा लड़का पसंद है तो इस पर वह मुस्कुराती है और कहती हैं कि मैं इंगेज्ड हूं। इसका सीधा मतलब है कि शिवांगी की सगाई हो चुकी है। लेकिन आखिरकार वह शख्स कौन है और क्या करता है?

# 'गट्टा कुश्ती 2' के मजेदार पागलपन को देखने उमड़ी दर्शकों की भीड़...

**मुंबई।** विष्णु विशाल और ऐश्वर्या लक्ष्मी के शानदार अभिनय से सजी फिल्म 'गट्टा कुश्ती 2' ने सिनेमाघरों में आते ही तहलका मचा दिया है। ये फिल्म 3 जुलाई, 2026 को रिलीज हुई है और इसे समीक्षकों से भी शानदार प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म ने धमाकेदार शुरुआत की है। इस नए भाग में 'वीर' और 'कीर्ति' की कहानी को और आगे बढ़ाया गया है। फिल्म में भरपूर कॉमेडी और पारिवारिक भावनाओं का ऐसा बेहतरीन तालमेल है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं और सिनेमाघरों में दर्शक इसका पूरा लुत्फ उठा रहे हैं।



### बॉक्स ऑफिस पर 'गट्टा कुश्ती 2' ने कमाए इतने करोड़

*'गट्टा कुश्ती 2' ने अपने पहले ही दिन पूरे देश में 2.93 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की है। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा तमिलनाडु से आया, जहां फिल्म ने अकेले 2.60 करोड़ रुपये बटोरे। सिनेमाघरों में फिल्म के शोज को लेकर दर्शकों में अच्छा-खासा उत्साह देखने को मिला। दिनभर सिनेमाघरों में सीटों की बुकिंग 22 प्रतिशत से ज्यादा रही, जो रात के शोज में बढ़कर 36 प्रतिशत तक पहुंच गई।*

# बॉलीवुड के कुछ ऐसे कलाकार, जिनकी सादगी के होते हैं चर्चे, स्टार बनने के बाद भी नहीं बदला अंदाज

**मुंबई।** रणबीर कपूर से लेकर पंकज त्रिपाठी और मनोज बाजपेयी तक, जानिए बॉलीवुड के उन सितारों के बारे में जिनकी सादगी और प्रोफेशनल रवैये की चर्चा इंडस्ट्री में भी होती है। बॉलीवुड में स्टारडम के साथ अक्सर बड़े एंटॉरेज, लग्जरी लाइफस्टाइल और अलग अंदाज की चर्चा होती है. लेकिन इंडस्ट्री में कुछ ऐसे सितारे भी हैं, जिन्होंने सफलता मिलने के बाद भी अपनी सादगी नहीं छोड़ी. उनके व्यवहार और प्रोफेशनल रवैये की तारीफ डायरेक्टर्स, को-स्टार्स और फैंस तक करते हैं।



**रणबीर कपूर** : रणबीर कपूर की सादगी का जिक्र हाल ही में निर्देशक राजकुमार हिरानी ने **Zoom** को दिए एक इंटरव्यू में किया। उन्होंने बताया कि संजू की शूटिंग के दौरान रणबीर सीधे टीम और असिस्टेंट डायरेक्टर्स से बात करते थे। हिरानी ने कहा कि पूरी फिल्म बन गई और उन्हें यह तक पता नहीं चला कि रणबीर का मैनेजर कौन है। इससे पहले करण जौहर भी रणबीर के सहज और प्रोफेशनल रवैये की तारीफ कर चुके हैं।

**पंकज त्रिपाठी** : पंकज त्रिपाठी की पहचान सिर्फ शानदार अभिनय ही नहीं, बल्कि उनकी सादगी भी है। कई इंटरव्यू में वे अपने गांव, परिवार और संघर्ष के दिनों को याद करते नजर आए हैं। सफलता मिलने के बाद भी उनके रहन-सहन और व्यवहार में ज्यादा बदलाव नहीं आया। सेट पर उनका शांत स्वभाव और सभी के प्रति सम्मान उन्हें इंडस्ट्री के सबसे पसंदीदा कलाकारों में शामिल करता है।

**मनोज बाजपेयी** : मनोज बाजपेयी ने अपने दमदार अभिनय से अलग पहचान बनाई है। कई फिल्ममेकर्स और सह-कलाकार उनके अनुशासन, समय की पाबंदी और जमीन से जुड़े व्यवहार की तारीफ कर चुके हैं। वे हमेशा इस बात पर जोर देते हैं कि कलाकार की पहचान उसके काम से बनती है, न कि दिखावे से। यही सोच उन्हें बाकी सितारों से अलग बनाती है।

**नवाजुद्दीन सिद्दीकी** : संघर्ष से सफलता तक का सफर तय करने वाले नवाजुद्दीन सिद्दीकी आज भी अपनी सादगी के लिए जाने जाते हैं। कई मौकों पर उन्होंने कहा है कि वे लाइमलाइट से ज्यादा अपने काम पर ध्यान देना पसंद करते हैं। उनके करीबी और इंडस्ट्री से जुड़े लोग भी अक्सर उनके सहज स्वभाव और विनम्र व्यवहार की चर्चा करते हैं।

**विक्की कौशल** : विक्की कौशल ने कम समय में बॉलीवुड में अपनी अलग जगह बनाई है। सफलता मिलने के बाद भी उनका सहज व्यवहार अक्सर सुर्खियों में रहता है। फैंस के साथ उनका अपनापन, मीडिया से विनम्रता और सेट पर टीम के साथ सामान्य तरीके से पेश आना उनकी खास पहचान बन चुका है। यही वजह है कि वे इंडस्ट्री के सबसे डाउन टू अर्थ सितारों में गिने जाते हैं।

**एक बात सबसे अलग** : इन पांचों कलाकारों की एक बात सबसे अलग है। इन्होंने कभी स्टार बनने के बाद अपने व्यवहार को नहीं बदला। चाहे शूटिंग का माहौल हो या किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में मौजूदगी, ये सितारे अपने शांत और सम्मानजनक रवैये के लिए पहचाने जाते हैं। शायद यही वजह है कि इंडस्ट्री में भी इनकी सादगी की मिसाल दी जाती है।

## इन सितारों की बचाई जिंदगी

# जब डॉक्टर बने भगवान! अमिताभ से लेकर सैफ अली खान तक

*मुंबई। हिंदी सिनेमा में आपने अक्सर देखा होगा कि हीरो आखिरी वक्त पर आकर किसी की जान बचा लेता है लेकिन असल जिंदगी की कहानियां बिल्कुल अलग होती हैं क्योंकि यहां न बैकग्राउंड म्यूजिक होता है, न दूसरा टेक। होता है तो सिर्फ जिंदगी और मौत के बीच झूलता इंसान। उस वक्त सबसे बड़ा हीरो कोई सुपरस्टार नहीं, बल्कि ऑपरेशन थियेटर में खड़ा डॉक्टर होता है। आइए, जानते हैं ऐसी ही फिल्मी हीरो की कहानियां जिनके लिए डॉक्टर किसी फरिश्ते से कम नहीं साबित हुए।*

### अमिताभ बच्चन के लिए पूरा देश कर रहा था दुआ

सबसे पहले बात करते हैं अमिताभ बच्चन की जिन्हें फिल्म कुली के फाइटिंग के दौरान पुनित इस्सर ने इतनी ज़ोर से मुक्का मारा कि उनके पेट में गंभीर अंदरूनी चोट आई। बेहद नाजुक हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कई घंटे तक ऑपरेशन चला। उनके शरीर से काफी खून बह चुका था। पूरा देश बिग बी के लिए प्रार्थना कर रहा था। आखिरकार डॉक्टरों की मेहनत रंग लाई और अमिताभ ने मौत को मात दे दी। बाद में उन्होंने कई बार कहा कि उन्हें दूसरी जिंदगी मिली है और इसके लिए वह डॉक्टरों और अपने चाहने वालों के हमेशा आभारी रहेंगे।

### ऋषि कपूर: दो साल तक बीमारी से लड़ते रहे

ऋषि कपूर को 2018 में कैंसर का पता चला। इलाज के लिए वो अमेरिका के न्यूयार्क गए, जहां लगभग एक साल उनका इलाज चला। कई बार कीमोथेरेपी हुई, कई मेडिकल प्रोसेस से गुजरना पड़ा। इलाज के दौरान उन्होंने अपनी मुस्कान नहीं खोई.।सोशल मीडिया पर वो अक्सर डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ का शुक्रिया अदा करते थे। वापस इंडिया लौटने के बाद उन्होंने फिल्मों में काम शुरू किया। हालांकि 2020 में उनका निधन हो गया। लेकिन डाक्टर्स की वजह से उन्हें अपने परिवार के साथ कुछ वक्त और बिताने का वक्त मिला।




### सैफ अली खान: चंद मिनटों में बदल गई पूरी रात

सैफ अली खान के घर पर आधी रात को हुए चाकू से हमले ने पूरे देश को चौंका दिया। अपने बच्चों को चोर से बचाने के लिए सैफ ने अपनी जान तक दांव पर लगा दी। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें तुरंत मुंबई के अस्पताल में ले जाया गया। एक चोट तो रीढ़ की हड्डी के बेहद करीब थी। मेडिकल टीम ने घंटों तक ऑपरेशन किया और वे स्वस्थ हो गए। डॉक्टरों का कहना था कि इलाज में थोड़ी भी देरी होती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी।

### गरीबों के मसीहा सोनू सूद

सोनू सूद को लोग गरीबों का मसीहा कहते हैं. हालांकि कुछ वक्त पहले उन्हें खुद भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा। लगातार काम और बिजी लाइफ के बीच एक मेडिकल समस्या के कारण उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। सोनू ने डॉक्टरों और मेडिकल टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि मरीज के लिए सिर्फ दवा ही नहीं, डॉक्टर का भरोसा भी बहुत बड़ी ताकत होता है।

### शाहरुख खान

शाहरुख खान ने अपने करियर में कई चोटें झेली हैं। कंधे, घुटने और पीठ की समस्याओं के कारण उन्हें कई बार सर्जरी करानी पड़ी। उन्होंने खुद कई इंटरव्यू में बताया है कि शरीर पर लगी चोटें उनके पेशे का हिस्सा बन चुकी हैं। हर बार डॉक्टरों की मदद और लंबी फिजियोथेरेपी के बाद ही वह दोबारा कैमरे के सामने लौट पाए।

### सलमान खान

सलमान खान भी अपने कई इंटरव्यूज़ में बता चुके हैं कि उन्हें 'ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया' बीमारी है। मेडिकल टर्म में इसे सबसे दर्दनाक माना जाता है। इसमें चेहरे की नस में तेज, अचानक और बिजली के झटके जैसा दर्द होता है। सलमान ने इस बीमारी का इलाज यूएस से करवाया और डॉक्टर्स को शुक्रिया अदा किया।

**खबर संक्षेप**

### क्षेत्र का पहला फ़ास्ट चार्जिंग प्वाइंट

**सरसीवा।** सारंगढ़-बिलाईगढ़-सरसीवां क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। सरसीवां स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रतिष्ठित रिटेल आउटलेट में अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग पॉइंट का विधिवत शुभारंभ हो गया है। इस सुविधा के शुरू होने से अब क्षेत्र के साथ-साथ मुख्य मार्ग से गुजरने वाले इलेक्ट्रिक वाहन चालकों को चार्जिंग की चिंता से बड़ी राहत मिलेगी। सौमित्र फ्यूल्स में स्थापित यह चार्जिंग पॉइंट भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय की योजना के अंतर्गत तैयार किया गया है। यह एक फ़ास्ट चार्जर है, जिसे प्रमुख ऊर्जा कंपनी सूर्या के सहयोग से स्थापित किया गया है। फास्ट चार्जर होने के कारण यहाँ वाहन बेहद कम समय में चार्ज हो सकेंगे, जिससे लंबी दूरी का सफर तय करने वाले चालकों के समय की भारी बचत होगी। अब तक सरसीवां और आसपास के ग्रामीण अंचलों में पर्याप्त चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर न होने के कारण लोग इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर या टू-व्हीलर खरीदने से कतराते थे, या फिर उन्हें केवल घरेलू चार्जिंग पर ही निर्भर रहना पड़ता था।

### डीएमएफ से होगी 6 सड़कों का निर्माण

**रायगढ़।** वनांचल क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए सरकार ने लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत संरचना को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। डीएमएफ से 6 सड़क निर्माण होगा। इसके अलावा अन्य 2 विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत कार्य में 3 करोड़ 48 लाख 68 हजार से पिपराही से डीपापारा सड़क निर्माण होगी। इसकी लंबाई 3.50 किमी है। सुबरा से कटकलिया पार्ट-2 सड़क निर्माण के लिए 3 करोड़ 39 लाख में साढ़े 3 किमी होगा। कोंडकेल से गेरूपानी तक लंबाई 2.80 किमी का निर्माण 2 करोड़ 78 लाख 72 हजार में होगा। ढाप से भवानीपुर मेन रोड तक सड़क निर्माण की राशि 3 करोड़ 44 लाख 35 हजार है। किलकिला से ओड़िशा सा बॉर्डर सड़क निर्माण लंबाई 4.20 किमी के लिए 3 करोड़ 66 लाख 41 हजार स्वीकृत है। बरमुड़ा से उकारीपाली तक 3 किमी सड़क निर्माण 2 करोड़ 91 लाख 18 हजार में होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, व्यापार एवं रोजगार को नई गति मिलेगी तथा ग्रामीण अंचलों के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

### टीबी मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान पूरा

**सारंगढ़।** जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित टीबी मुक्त भारत 100 दिवसीय विशेष अभियान उल्लेखनीय रूप से सफल रहा। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के विशेष मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ पुष्पेंद्र वैष्णव के निर्देशन एवं खंड चिकित्सा अधिकारियों के सहयोग से संचालित इस अभियान ने निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के साथ कई मापदंडों में शत प्रतिशत से अधिक उपलब्धि दर्ज की। अभियान के तहत जिले के 70 उच्च जोखिम वाले चिन्हित ग्रामों को प्राथमिकता देते हुए सघन जांच अभियान चलाया गया।

## 1700 हितग्राहियों ने किया 5 लाख 88 हजार यूनिट बिजली उत्पादन

# रोज 8 ग्राहक करा रहे पीएम सूर्य घर का सेटअप इंस्टॉलेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के नेतृत्व में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के कार्यों में तेजी आई है। कलेक्टर के द्वारा बैंकर्स और वेंडर्स का संयुक्त बैठक और बिहान के महिला सदस्यों को प्रशिक्षित कर कार्य में शामिल करने से रिजल्ट अच्छा आने लगा है। जिले में हर दिन 8 ग्राहक के घर में पीएम सूर्य घर का सेटअप इंस्टॉलेशन किया जा रहा है। सभी सरकारी कर्मियों के अलावा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग के कर्मियों द्वारा भी इस योजना को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इस वित्तीय वर्ष 2026-27 में ऊर्जा विभाग द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लक्ष्य जिले को 4312 कनेक्शन स्थापित करने का मिला है। जिले में अब तक 1700 से अधिक हितग्राही इस योजना का लाभ ले रहे हैं। हितग्राहियों के द्वारा 5 लाख 88 हजार यूनिट उत्पादन किया गया है, जिससे हितग्राहियों को 25 लाख 80 हजार रूपए का सीधा लाभ मिला है। विगत अप्रैल, मई और जून माह में हितग्राही के घरों, प्रतिष्ठानों और शासकीय तथा निजी कार्यालयों में 550 से अधिक सेटअप स्थापित किया जा चुका है। 780 हितग्राहियों के द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की मांग को विभाग और वेंडर द्वारा पूरा किया जा रहा है।

**1 से 3 किलोवाट सोलर से लाभ**

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत एक लाख 8 हजार का अनुदान सीधे उनके बैंक खाता में भुगतान किया जाता है। इस योजना से बिजली बिल कम और नवीन रोजगार सृजन होगा तथा अक्षय ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। 1 किलोवाट रूफ टाप सोलर क्षमता का संयंत्र स्थापित कराने पर कुल लागत 60 हजार का लागत आएगा, जिसमें केन्द्र सरकार की ओर से 30 हजार का अनुदान और छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से 15 हजार का अनुदान दिया जाएगा।



## नाले के तेज बहाव में बह गई बाइक, युवक की बच गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

लगातार हो रही बारिश के चलते बरमकेला ब्लॉक के ग्राम हिर्री और सहजपाली के बीच स्थित नाले में शनिवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तेज बहाव के बीच मोटरसाइकिल सहित नाला पार करने का प्रयास कर रहे एक युवक की जान तो बच गई, लेकिन उसकी बाइक उफनते पानी में बह गई। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मार्ग पर स्थायी समाधान की मांग की है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हिर्री सहजपाली मार्ग का यह नाला हर वर्ष बारिश के मौसम में उफान पर आ जाता है। पानी बढ़ते ही दोनों गांवों के बीच संपर्क लगभग टूट जाता है। इसके बावजूद आवश्यक कार्य, रोजगार, खेती बाड़ी और अन्य जरूरतों के कारण लोगों को जान जोखिम में डालकर इसी रास्ते से आवागमन करना पड़ता है। कई बार छोटे बड़े हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया है। लगातार बारिश के कारण नाले में पानी का बहाव अचानक काफी तेज हो गया था। इसी दौरान एक युवक अपनी मोटरसाइकिल लेकर नाला पार करने की कोशिश कर रहा था। जैसे ही वह बीच धार में पहुंचा, पानी के तेज बहाव ने उसका संतुलन बिगाड़ दिया और वह बाइक सहित बहने लगा। मौके पर मौजूद लोगों की सांसें थम गईं और हर कोई अनहोनी की आशंका से सहम गया। ग्रामीणों के अनुसार युवक पानी के तेज बहाव में कुछ दूर तक बहता चला गया, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी और किसी तरह स्वयं को संभालते हुए सुरक्षित बाहर निकल आया। हालांकि उसकी मोटरसाइकिल तेज बहाव की चपेट में आकर पानी में बह गई। युवक के सुरक्षित बच जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली, लेकिन घटना ने बरसात के मौसम में उफनते नालों को पार करने के खतरों को एक बार फिर उजागर कर दिया।

एक व्यक्ति उफनते नाले में बहते बहते बचा। नाले पर बनी पुलिया काफी छोटी है। हर वर्ष बरसात के मौसम में जलस्तर पुलिया के ऊपर पहुंच जाता है, जिससे आवागमन बाधित होने के साथ हादसों का खतरा भी बना रहता है।

**भोजमती सिदार**
सरपंच, ग्राम पंचायत हिर्री

**घटना का वीडियो आया सामने**

इस घटना का वीडियो भी सामनें आया है। जिसमें नाले का तेज बहाव साफ दिखाई दे रहा है। वीडियो में लोग युवक को बहते देख चिंतित नजर आ रहे हैं। घटना के बाद आसपास बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि युवक कुछ और देर तक बहाव में फंसा रहता तो बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस स्थान पर शीघ्र स्थायी पुल या ऊंची पुलिया का निर्माण कराया जाए, ताकि बरसात के दिनों में लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर नाला पार न करना पड़े। उनका कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है।

## नपं सरिया के तीन एल्डरमैन का भाजपा ने किया स्वागत



**सरिया।** शासन की ओर से नगर पंचायत सरिया के लिए तीन एल्डरमैन नियुक्त किए। इसके बाद शुक्रवार को शाम भाजपा मंडल सरिया ने उनका स्वागत किया। नव नियुक्त एल्डरमैन सुनील मेहर ध्वजाराम प्रधान एवं दिलीप साहू को भाजपा का गमछा पहना कर सम्मान किया गया।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत नगर पंचायत सरिया में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगर पंचायत सरिया में तीन एल्डरमैन नियुक्त किए गए। नवनियुक्त तीन एल्डरमैन के स्वागत में मुख्य रूप से प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही शामिल हुए। उन्होंने नवनियुक्त एल्डरमैन सुनील मेहर, ध्वजाराम प्रधान एवं दिलीप साहू को भाजपा का गमछा पहनकर एवं मुंह मीठा कर सम्मान किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश की सीएम विष्णु देव साय तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में एल्डरमैन की नियुक्ति किए हैं। निष्ठावान, सक्रिय, कार्य कुशल, जन सेवा के समर्पण व्यक्तियों को ही शासन प्रतिनिधि का प्रतिनिधि नियुक्त किया है। आज सरिया में भी सुनील मेहर, ध्वजा राम प्रधान एवं दिलीप साहू को उनके कार्य कुशलता, जन सेवा के समर्पण को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत सरिया के सभी वार्डों में जनहित के काम करेंगे। विकास में भागीदारी निभाएंगे।

## लंबित मांगों को लेकर कोटवारों ने सौंपा ज्ञापन



**पुसौर।** पुसौर तहसील के कोटवारों ने बस स्टैंड से रैली निकालकर सीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। तहसीलदार ने कोटवारों की मांगों को शासन के समक्ष प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि प्रदेश संगठन के आह्वान पर पुसौर तहसील के 228 कोटवार शुक्रवार के सुबह बस स्टैंड पुसौर में एकत्र हुए।

वहां से नारेबाजी करते हुए रैली निकाल कर तहसील कार्यालय पहुंचे और अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रखी गईं 4 प्रमुख मांगें नियमितीकरण और संविलियन कोटवारों को नियमित करते हुए राजस्व विभाग में संविलियन किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने भी 10 वर्ष की सेवा पर अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने का आदेश दिया है। मानदेय में वृद्धि वर्तमान में 3 हजार से 6 हजार तक अल्प मानदेय मिलता है। इसे बढ़ाकर 8 से 15 हजार प्रतिमाह किया जाए। श्रेणी बिना सेवा भूमि श्रेणी को 6 हजार की जगह 15 हजार बी श्रेणी 3 से 7.50 एकड़ सेवा भूमि 5500 रुपए की जगह 12 हजार सी श्रेणी 7.50 से 10 एकड़ सेवा भूमि 4500 रुपए की जगह 10 हजार तथा श्रेणी 10 एकड़ से अधिक सेवा भूमि 3000 रुपए की जगह 8000 रु किया जाए। ज्ञापन को लेकर तहसीलदार अनुराधा पटेल ने कहा कि कोटवार राजस्व विभाग की रीढ़ हैं। उनकी समस्याओं से शासन को अवगत कराया जाएगा और उक्त तथ्यों को शासन के शीर्षस्थ लोगों तक पहुंचाया जाएगा। आंदोलन का नेतृत्व करने वाले पदाधिकारी जिला अध्यक्ष श्यामलाल चौहान, संयोजक जिला सचिव संजय कुमार चौहान, तहसील अध्यक्ष रामसाय चौहान, उपाध्यक्ष बिहारीलाल चौहान, विष्णुचरण चौहान, जिला संगठन मंत्रीध्संरक्षक सुरेन्द्र चौहान, संघ सलाहकार बल्लभ चौहान, कोषाध्यक्ष ब्रजराज चौहान, सचिव रमेश चौहान, प्रदीप चौहान, महामंत्री कुशाराम चौहान, गिरधर चौहान, संगठन मंत्री विष्णुचरण चौहान,महिला प्रकोष्ठ रंजिता चौहान, सपना सिदार।

## सारंगढ़ में अत्याधुनिक मशीनों से हो रहे हैं ट्रॉप टी और डी डाइमर जैसे जटिल टेस्ट



**सारंगढ़।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं मे निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और आम जनता को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। जिला चिकित्सालय सारंगढ़ के सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल के विशेष प्रयासों और कुशल मार्गदर्शन में संचालित इस लैब में मात्र एक महीने की लघु अवधि में कुल 2,632 मरीजों की 11,487 प्रकार की विभिन्न जाँचें निःशुल्क व अत्याधुनिक मशीनों से पूरी सटीकता के साथ की जा चुकी हैं।

लैब का संचालन विशेषज्ञ पैथोलॉजिस्ट डॉ. रमेश साहू के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे मरीजों को बेहद कम समय में भरोसेमंद रिपोर्ट पूरी तरह निःशुल्क मिल रही है। अटल आरोग्य लैब के शुरू होने से अब सारंगढ़ के निवासियों को महंगे और जटिल टेस्ट के लिए बड़े शहरों या निजी सेंटरों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे हैं। इस सर्वसुविधायुक्त लैब में कुल 134 प्रकार की ब्लड एवं यूरिन जाँच की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें प्रमुख रूप से निम्नलिखित उन्नत टेस्ट अत्याधुनिक मशीनों द्वारा किए जा रहे हैं। ट्रोप टी हार्ट अटैक या दिल की मांसपेशियों में किसी भी तरह के नुकसान का तुरंत पता लगाने के लिए डी डाइमर शरीर की नसों या फेफड़ों में खून के थक्के जमने की स्थिति की जाँच करने के लिए पीटी आईएनआर खून के गाढ़ेपन और थक्का जमने के समय की जाँच के लिए विशेषकर दिल के मरीजों में खून पतला करने की दवाओं की निगरानी के लिए इलेक्ट्रोलाइट शरीर में सोडियम, पोटैशियम और क्लोराइड जैसे जरूरी लवणों का संतुलन देखने के लिए जो डिहाइड्रेशन या किडनी की समस्या में बेहद जरूरी है।

## ननि कर्मचारियों की प्रस्तावित हड़ताल स्थगित, दो मुद्दों पर बनी सहमति

**रायगढ़।** प्रदेश भर के नगरीय निकाय कर्मचारी आगामी 13 जुलाई से अपने लंबित प्रमुख 5 सूत्री मांगों को लेकर नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी नगरीय निकाय कल्याण संघ के बैनर तले अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की योजना बनाए थे। हालांकि नगरीय प्रशासन सचिव आर संगीता से संघ के प्रदेश नेतृत्व कर्मचारी नेताओं का प्रमुख मांगों को लेकर वार्ता उपरांत हड़ताल स्थगित कर दिया गया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोनी ने बताया कि वार्ता एकदम सकारात्मक पूर्ण रहा है। सचिव ने सभी 5 प्रमुख मांगों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए बिंदुवार चर्चा उपरांत दो मांगे जिसमें प्रत्येक माह को समय पर वेतन भुगतान और एनपीएस, जीपीएफ की काटी गई राशियों को कर्मचारियों के खाते में जमा करने सहित नियमित और प्लेसमेंट कर्मचारियों के 3-4 महीने से लंबित वेतन का भुगतान तत्काल कराने के बात पर सहमति बनी है।



## शैक्षिक गुणवत्ता, विद्यालय और विद्यार्थियों के समग्र विकास को लेकर बैठक



**रायगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी रायगढ़ में 04 जुलाई शनिवार को चांदमारी परिसर अंतर्गत तीनों शालाओं शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी रायगढ़ के समस्त शिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ की बैठक प्राचार्य कक्ष में प्रभारी प्राचार्य भरत लाल नामदेव की अध्यक्षता में भारत माता के जयघोष के साथ प्रारंभ हुआ।

यह बैठक शासन के मंशानुरूप शैक्षिक गुणवत्ता, विद्यालय विकास एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु रखा गया था। बैठक में प्राचार्य भरत लाल नामदेव जी ने विगत सप्ताह हुई बैठक बिंदुओं के क्रियान्वयनध्पालन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सी जी वी एस के एप में कोई समस्या आने पर विद्यालय में अवकाश होने उपरांत समग्र शिक्षा में पदस्थ भूपेन्द्र पटेल नोडल अधिकारी एवं बी आर सी कार्यालय में संपर्क करके समस्या का निराकरण करेंगे। तत्पश्चात प्राचार्य के निर्देश अनुसार प्रधान पाठक शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला रायगढ़ डॉ.मनीषा त्रिपाठी ने बैठक में अन्य बिंदुओं यथा एफ एल एन पर क्रियान्वयन पूर्ण रूप से करने, माहवार कक्षावार विषयवार पाठ्यक्रम पूर्ण कर पंजी संधारण करके स्वप्रमाणित कर प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित करवाकर पाठ्यक्रम पूर्णता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने, सभी विषयों हेतु नवाचार कर अध्यापन कार्य करने, कक्षा 5वीं एवं 8वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों का क्रमशः अगली कक्षा में प्रवेश प्रधान पाठक द्वारा सुनिश्चित करने, विद्यालय स्तर पर आगमन निगमन पंजी का सुव्यवस्थित संधारण करने समेत अन्य मुद्दों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया था।

## राहुल गांधी से मिलना अपने आप में नई ऊर्जा का संचार है : नगेंद्र

**रायगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अभनपुर में आयोजित 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर से लौटने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी ने कहा कि यह शिविर केवल औपचारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर अधिक मजबूत, सक्रिय और जनोन्मुखी बनाने का व्यापक अभियान था। शिविर में मिली सीख और राष्ट्रीय नेतृत्व का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए लंबे समय तक प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। नगेन्द्र नेगी ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से मुलाकात उनके लिए बेहद प्रेरणादायक रही। उन्होंने कहा राहुल गांधी से मिलना अपने आप में नई ऊर्जा का संचार है। उनसे पहले भी मुलाकात का अवसर मिला है, लेकिन हर मुलाकात कार्यकर्ताओं के भीतर जनसेवा का नया उत्साह और संगठन के प्रति नई प्रतिबद्धता पैदा करती है।

**5 वर्षों में 1.75 करोड़ का समर्थन, पहले वर्ष 35 लाख का प्रावधान**

# 150 आदिवासी बालिकाओं को मिलेगा उन्नत प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रायगढ़ जिले की आदिवासी एवं वंचित वर्ग की बालिकाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक नई पहल की शुरुआत की गई है। जिला प्रशासन रायगढ़ और अदाणी पावर लिमिटेड, रायगढ़ के संयुक्त प्रयासों से नव गुरुकुल, केआईटी कॉलेज, गढ़उमरिया में 150 बालिकाओं के लिए उन्नत आईटी एवं सॉफ्टवेयर कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा।

इस परियोजना के प्रभावी संचालन के लिए जिला प्रशासन रायगढ़ और अदाणी पावर लिमिटेड के बीच एक द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौते के अंतर्गत अदाणी पावर अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं के आवास, भोजन एवं प्रशिक्षण से जुड़े खर्चों में सहयोग प्रदान करेगी। पहले वर्ष के लिए 35 लाख की राशि उपलब्ध कराई गई है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से आदिवासी एवं ग्रामीण पृष्ठभूमि की छात्राओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिससे उन्हें आधुनिक तकनीकी ज्ञान और रोजगारोन्मुखी कौशल प्राप्त हो सकें। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाना और उन्हें सम्मानजनक रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करना है। जिला प्रशासन के अनुरोध पर अदाणी पावर लिमिटेड ने इस पहल को दीर्घकालिक रूप से सहयोग देने का निर्णय लिया है।

**कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएं**

150 बालिकाओं को उन्नत आईटी एवं सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण, आवासीय सुविधा के साथ समग्र प्रशिक्षण व्यवस्था, रोजगारोन्मुखी कौशल विकास पर विशेष फोकस आदिवासी एवं ग्रामीण बालिकाओं को प्राथमिकता, यह पहल जिले में महिला शिक्षा, डिजिटल सशक्तिकरण और समावेशी सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद छात्राएं विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए बेहतर रूप से तैयार होंगी।

